AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

आठ साल बाद नैक की कसौटी पर लविवि

माई सिटी रिपोर्टर

नैक की टीम 11 से 13 जुलाई तक करेगी निरीक्षण

विभागों में बनेगी वॉल ऑफ फेम, अपडेट होगा डाटा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय आठ साल बाद एक बार फिर नेशनल एसेसमेंट एक्रीटिकेशन काउंसिल (नैक) के मापदंडों पर परखा जाएगा। विवि प्रशासन की सेल्फ एसेसमेंट रिपोर्ट (एसएसआर) स्वीकृत होने के बाद नैक टीम ने स्थलीय निरीक्षण के लिए 11 से 13 जुलाई की तिथि तय कर दी है। नैक की ग्रेडिंग में हुए बदलाव के बाद विवि प्रशासन भी अभी यह दावा करने से हिचक रहा है कि उसकी क्या ग्रेडिंग होगी।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि हमारी शुरुआती प्रक्रिया पूरी होने के बाद निरीक्षण की तिथि मिल गई है। 2014 में हमें 2.76 स्कोर और बी ग्रेड मिला था। वर्ष 2016 के बाद मूल्यांकन व्यवस्था में बदलाव हुआ है। अब एसएसआर 74 अंक और फील्ड विजिट 26 नंबर की है। हमारा 74 नंबर का मूल्यांकन हो चुका है। अब हम 26 के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। विवि में नैक की तैयारी दो साल से चल रही है, क्योंकि वर्ष 2018 में ग्रेडिंग पूरी हो गई थी।

शताब्दी वर्ष के दौरान बुनियादी ढांचे और साज-सज्जा के काम हुए थे। हाल के दिनों में प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा आदि में ऑटोमेशन किया है। छात्र लाउंज, छात्र कल्याण कार्यालय, सामुदायिक शौचालय आदि का निर्माण हुआ है। अब विभाग स्तर पर काम चल रहा है। सभी विभागों को उनका डाक्यूमेंटेशन, वॉल ऑफ फेम, उनके एचीवमेंट, अवॉर्ड आदि को अपडेट करने व प्रजेंटेबल बनाने के लिए कहा गया है।

अपनी क्षमता पर करें फोकस, आकर्षक हो प्रदर्शन

माई सिटी रिपोर्टर

नैक के लिए मैनेजमेंट विभाग ने मॉडल के रूप में दिया प्रजेंटेशन

लखनऊ। नैक पियर टीम के निरीक्षण की तिथि तय होने के बाद लविवि प्रशासन ने तैयारियों को तेजी से अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को मैनेजमेंट विभाग ने एक मॉडल विभाग के रूप में तैयारियों का प्रजेंटेशन दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. संजय मेधावी ने बताया कि किस तरह नोटिस बोर्ड, वेबसाइट पर सूचनाएं अपडेट की गई हैं। शिक्षकों की सेप्रेट फाइल, उनके एचीवमेंट, उनके प्रोजेक्ट, शोध छात्रों आदि की जानकारी प्रस्तुत करनी है।

उन्होंने विभाग में वाल ऑफ फेम और एचीवमेंट एंड अवॉर्ड की जगह भी निर्धारित कर दी है। लैब, लाइब्रेरी से लेकर क्लास रूम तक की सफाई करवाई है। उन्होंने विभागों को आकर्षक प्रदर्शन की भी जानकारी दी।

लविवि में नैक की तैयारियों पर बैठक करते कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय। -संवाद

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी विभागों को इसी के अनुसार 25 जून तक अपना प्रजेंटेशन तैयार कर आईक्यूएसी को भेजने के लिए कहा है, ताकि इसका मूल्यांकन कराकर सुधार किया जा सके।

प्रो. राय ने कहा कि विभाग अपनी क्षमता पर फोकस करें। जिसकी जो स्ट्रेंथ है, उसके अनुसार खुद को आकर्षक प्रदर्शन के लिए तैयार करें। फील्ड वर्क, एक्टिविटी, सोशल वर्क आदि पर भी फोकस कर उसे दिखाने का प्रयास करें। अपने विद्यार्थियों के अच्छे कामों को भी दर्शनीय बनाएं। जो रिपोर्ट नैक डेटा में दी है, उसका प्रापर डॉक्यूमेंटेशन करें। बीओएस, फैकल्टी बोर्ड आदि की रिपोर्ट अपडेट रखें। बैठक में प्रो. राजीव मनोहर, प्रो. गीतांजलि व सभी हेड, डीन मौजूद रहे।

NBT PAGE 4

11 जुलाई को निरीक्षण के लिए आएगी नैक टीम

लाइब्रेरी के सहारे एलयू को बेहतर ग्रेडिंग की आस

■ **एनबीटी, लखनऊ :** राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक) की टीम 11 जुलाई को लखनऊ यूनिवर्सिटी में निरीक्षण के लिए आनी है। ऐसे में एलयू ने निरीक्षण को लेकर तैयारियों का खाका खींचना शुरू कर दिया है। इस बार एलयू का सबसे ज्यादा फोकस रवींद्रनाथ टैगोर लाइब्रेरी पर है। साल 2014 में लाइब्रेरी और शिक्षकों के खाली पदों को अहम वजह मानते हुए नैक टीम ने एलयू को 'बी' ग्रेड दिया था।

2014 में नैक टीम ने एलयू को दिया था 'बी' ग्रेड

इससे पहले ट्रैगोर लाइब्रेरी के अधिकारियों ने नैक दौरे को लेकर पावरपॉइंट प्रस्तुति दी। इसमें बताया गया कि लाइब्रेरी में पांच लाख में से अब तक एक लाख से ज्यादा किताबों का डिजिटलीकरण कर दिया गया है। डिप्टी लाइब्रेरियन ज्योति मिश्रा ने कहा कि पुस्तकालय को वर्ष 2014 की तुलना में पूरी तरह से नया रूप दिया गया है। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि शोध कार्य, रेयर म्यूजियम, शिक्षकों के खाली पदों पर भर्ती करना समेत अन्य चीजों को विवि नैक के नजरिये से बेहद अहम मान रहा है।

एलयू के कुलपति प्रो. राय ने विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक।

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू: स्नातक में प्रवेश के लिए 30 जून तक आवेदन

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने नए सत्र 2022-23 के स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए पहले 20 जून तक आवेदन किया जा सकता था। जिसे अब 30 जून तक बढ़ा दिया गया है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि यूपी बोर्ड के साथ ही सीबीएसई, सीआईएससीई के 12 वीं बोर्ड के नतीजे अभी तक जारी नहीं हुए हैं। अधिक से अधिक छात्र प्रवेश के लिए आवेदन कर सकें इसलिए आवेदन की अन्तिम तिथि को बढ़ाया गया है। इससे पूर्व विश्वविद्यालय स्नातक आवेदन की तिथि एक बार बढ़ा चुका है और परास्नातक पाठ्यक्रम की अन्तिम तिथि भी 30 जून तक बढ़ाई है। प्रवेश परीक्षा अब 15 जुलाई के बाद ही संभव हो पाएगी। यूपी बोर्ड का रिजल्ट 18 जून को आ जाएगा लेकिन सीबीएसई इंटर का रिजल्ट जुलाई माह में ही जारी होने की उम्मीद है।

30 जून तक जुड़ें कॉलेज

एलयू की केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया से महाविद्यालयों के जुड़ने की तारीख भी बढ़ा दी गई है। अभी 15 तक डिग्री कॉलेज केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ सकते थे जिसे अब 30 जून कर दिया गया है। सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों के साथ पहली बार दो पर्दे पर महिला डिग्री कॉलेज और एपोमेन गर्ल्स कॉलेज केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े हैं।

20 जून तक पहले थी आवेदन की तारीख

■ एलयू ने दूसरी बार बढ़ाई आवेदन की तारीख

हर विभाग में वॉल ऑफ फेम बनाई जाएगी

एलयू के 49 विभागों में वॉल ऑफ फेम तैयार की जाएगी। वॉल ऑफ फेम न सिर्फ विभागों की उपलब्धियां दर्शाएगी बल्कि विभाग से निकले खुद को स्थापित करने और दूसरों के लिए प्रेरणादायक बनने वाले पुराने छात्रों से भी रू-ब-रू करवाएगी।

11, 12, 13 को नैक टीम आएगी विश्वविद्यालय में

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि एलयू की पिछली मान्यता 2014 में हुई थी और विवि ने 2.76 अंक हासिल कर बी ग्रेड प्राप्त किया था। नैक की टीम 11, 12 और 13 जुलाई को विश्वविद्यालय आएगी।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि का 4 दिन निरीक्षण करेगी नैक की टीम

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने नैक मान्यता को लेकर अच्छे ग्रेड और स्कोर पाने की उम्मीद जताते हुए कहा कि 2014 के वाद से होने जा रही इस मूल्यांकन प्रणाली में लखनऊ विश्वविद्यालय को बहुत अच्छा स्कोर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए पिछले स्वा 2 साल से प्रयास किए जा रहे थे और सभी चीजें धीरे-धीरे दुरुस्त की जा रही थी, उसका परिणाम ही है कि अभी तक जो स्झान नैक टीम से आए है, वह बहुत सकारात्मक है।

प्रो. राय ने नैक और उनकी ग्रेडिंग प्रणाली के वारे में एक संक्षिप्त दृष्टिकोण वताया कि विश्वविद्यालय की पिछली मान्यता 2014 में हुई थी और विश्वविद्यालय ने 2.76 अंक हासिल कर वी ग्रेड प्राप्त किया था। उन्होंने वताया कि वर्तमान में नैक द्वारा ग्रेडिंग मानदंड में वदलाव किया गया है और विश्वविद्यालय प्रणाली के लिए दो प्रकार की अंक प्रणाली है जिसे विश्वविद्यालय को स्कोर करना होता है।

विश्वविद्यालय को डेटा और सत्यापन (सेल्फ स्टडी रिपोर्ट) से अंक सुरक्षित करने होते है, जिसके लिए अधिकतम अंक 75 होते है जवकि फील्ड विजिट के लिए विश्वविद्यालय को 25 के मूल्य से अंक प्राप्त करने होते है। प्रोफेसर राय ने वताया कि विश्वविद्यालय को क्लोजर अप्रैल 2022 के अंत में मिल गया था, नैक की रिपोर्ट, सेल्फ स्टडी रिपोर्ट और क्लोजर रिपोर्ट के वीच अच्छे समझौते का संकेत दिया। परिषद के विशेषज्ञ 11, 12 और 13 जुलाई 2022 को विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे।

10 जुलाई को ही आ जाएंगे विशेषज्ञ

कुलपति ने जताई अच्छे ग्रेड पाने की उम्मीद

प्रोफेसर राय ने वताया कि विश्वविद्यालय ने लगभग 2.5 साल पहले नैक मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी थी और वर्ष 2020 की शुरुआत में चरणों में विकास शुरू किया था। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय के वुनियादी ढांचे और साज-सज्जा के उत्थान के लिए प्रयास किया था और इस तरह की पहल के महत्वपूर्ण परिणाम संगठित प्रवेश कक्ष, छात्र लाउंज, डीन छात्र कल्याण कार्यालय एवं विभिन्न स्थानों पर सामुदायिक शौचालय आदि थे।

सभी का मिल रहा है सहयोग : कुलपति : कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय के स्तर को ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए यह जरूरी था कि नैक मूल्यांकन के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय अपने आपको तैयार करे और इस कार्य में ना केवल कुलाधिपति (राज्यपाल श्रीमती आनंदीवेन पटेल) वल्कि प्रदेश सरकार, शिक्षक, लूटा के सदस्य और मीडिया का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

लविवि : स्नातक में दाखिले के आवेदन अब 30 तक

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 20 से बढ़ाकर 30 जून कर दी है। ऐसा इंटरमीडिएट का रिजल्ट न घोषित हो पाने के कारण किया गया है। अभ्यर्थी लविवि की वेबसाइट पर एडमिशन पेज में यूजी एडमिशन पर जाकर प्रवेश संबंधित सभी सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं।

एडमिशन फॉर्म अभ्यर्थी मोबाइल के माध्यम से भी विवि की वेबसाइट पर जाकर या लविवि का एप डाउनलोड करके भर सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि

प्रवेश फॉर्म की फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें। किसी भी असुविधा पर हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 पर सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक संपर्क करें। उधर, लविवि ने केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने वाले सहयुक्त महाविद्यालयों से आवेदन की अंतिम तिथि भी 15 से बढ़ाकर 30 जून कर दी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

छूटे छात्रों के प्रैक्टिकल 25 को

लखनऊ। लविवि के भौतिक विभाग के प्रैक्टिकल समन्वयक डॉ. आरबी सिंह ने कहा है कि छूटे हुए छात्रों व बैक पेपर के प्रैक्टिकल 25 को होंगे। उन्होंने बताया कि बीएससी फिजिक्स थर्ड ईयर (वार्षिक) के लविवि व सहयुक्त कॉलेजों की परीक्षा विभाग में सुबह आठ बजे से आयोजित की जाएगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि में दूसरे दिन भी रही सख्ती

लखनऊ। लविवि में अग्निपथ योजना के विरोध को देखते हुए दूसरे दिन भी सख्ती रही। परिसर में पुलिस-पीएसी तैनात रही और विद्यार्थियों को आई कार्ड व परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही प्रवेश दिया गया। युवाओं के विरोध को देखते हुए विश्वविद्यालय में गेट नंबर एक व चार सुबह से शाम तक पूरी तरह बंद रहे। हालांकि सिर्फ गेट नंबर दो से शिक्षकों व विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। यहां भी विद्यार्थियों को लेकर पूरी सतर्कता बरती गई। कोई बाहरी न आए इसलिए हर एक का आई कार्ड चेक करके प्रवेश किया गया। शाम को गेट नंबर एक व चार से प्रवेश दिया गया। (माई सिटी रिपोर्टर)

i-NEXT PAGE 4

इस बार तो ग्रेड में बाजी मार लेगा एलयू

नैक के लिए बीते दो सालों से कर रहे हैं तैयारी

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (17 June): लखनऊ यूनिवर्सिटी में करीब आठ साल बाद दोबारा नैक की टीम दौरान करने वाली है. टीम ने 11 जुलाई को एलयू का दौरा करने की मंजूरी दे दी है. टीम 11 से 13 जुलाई तक एलयू का मूल्यांकन करेगी. यह जानकारी एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने दी. उन्होंने बताया कि हमारी तैयारियों और अभी तक नैक को भेजे गए असेसमेंट रिपोर्ट के आधार पर ए प्लस प्लस ग्रेड हासिल होने की उम्मीद है. पिछली बार एलयू को नैक ने बी ग्रेड दिया था. वीसी का दावा है कि पिछले नैक मूल्यांकन और इस बार के मूल्यांकन में बीच एलयू में काफी कुछ बदल चुका है. मौजूदा समय में स्टूडेंट्स कर्मयोगी योजना, गरीब

छात्रों के लिए योजना, स्टूडेंट्स के लिए अगल से सेल सहित प्लेसमेंट से लेकर शोध में काम हुआ है. साथ ही, कई जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चरल बदलाव हो चुके है. उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी पूरी है. नैक मूल्यांकन से एलयू के इमेज में काफी सुधार आएगा.

बीते साल 2.76 था नैक स्कोर

वीसी ने बताया कि साल 2014 में एलयू का नैक मूल्यांकन हुआ था, जिसमें 2.76 स्कोर था. इस बार मूल्यांकन का तरीका बदला है. एलयू नैक की तैयारी पिछले दो साल से कर रहा है. नैक की वेबसाइट पर नवंबर में डेटा भरा गया था, उसका सत्यापन हो चुका है. नैक में 75 प्रतिशत मूल्यांकन डेटा के सत्यापन से किया जाता है, शेष 25 प्रतिशत का मूल्यांकन नैक की टीम निरीक्षण करके करती है.

25 जून तक विभाग तैयार करें प्रजेंटेशन

नैक मूल्यांकन के लिए टीम के दौरे की तिथि तय होने के बाद अब तैयारियां तेज हो गई हैं. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय मौजूदगी में व्यापार प्रशासन विभाग के हेड संजय मेधावी ने अपना प्रजेंटेशन दिया. सभी को 25 जून तक अपना प्रजेंटेशन तैयार करने के लिए कहा गया है. उन्होंने बताया कि नैक की एसएसआर (सेल्फ असेस्मेंट रिपोर्ट) में जो भी जानकारी दी गई हैं. उन सभी की हार्डकापी तैयार कर लें, ताकि टीम के मांगने पर तुरंत दिखाया जा सके. रिसर्च पेपर से लेकर जो भी एक्टिविटी हो, सभी चीजें उसमें शामिल हों. विभाग अपनी उपलब्धियां भी प्रदर्शित करें. बैठक में कुछ विभाग ने कार्य कराने के लिए बजट से जुड़ी दिक्कत भी बताई, जिसका कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने समाधान किया. सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि मेधावी छात्रों की सूची नोटिस बोर्ड पर डिस्प्ले करें. बैठक में प्रो. राजीव मनोहर, प्रो. गीतांजलि व सभी हेड, डीन मौजूद रहे।

PIONEER PAGE 3

एलयू में 30 जून तक होंगे यूजी कोर्सेज में आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में देरी को देखते हुए स्नातक स्तर पर दाखिले की आवेदन तिथि को विस्तारित करते हुए 30 जून तक बढ़ा दिया है। दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर एडमिशन कॉलम में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। एलयू में यूजी कोर्सेज में एडमिशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया अभी तक 20 जून निर्धारित थी। लेकिन एक यूपी बोर्ड को छोड़कर बाकी अन्य बोर्डों के परिणाम आने में अभी देरी है। जिसके चलते विवि स्तर पर आवेदन की तिथि को विस्तारित किया गया है।

आवेदन करते समय इन बातों का रखें ध्यान

- फार्म भरने से पहले छात्र एडमिशन ब्रॉशर में लिखे सभी निर्देशों को अच्छे से पढ़ लें।
- फोटो की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर होना चाहिए।
- छात्र के साइन की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो।
- यदि किसी आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 केबी के अंतर्गत हो।
- छात्र को यह सलाह दी जाती है कि प्रवेश फार्म की फीस ऑनलाइन रने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें।
- किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन न. 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम 6 तक संपर्क कर सकते है।

इस बार नैक से ए ग्रेड मिलने की उम्मीद: प्रो राय

लखनऊ। 11,12 व 13 जुलाई को मूल्यांकन के लिए विवि के दौरे पर आ रही नैक मूल्यांकन की टीम को लेकर विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय उत्साहित हैं। उन्होंने इस बार नैक से ए ग्रेड मिलने की उम्मीद जताई है। अपने कार्यालय में मीडिया से मुखातिब प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि विश्वविद्यालय की पिछली मान्यता 2014 में हुई थी और विश्वविद्यालय ने 2.76 अंक हासिल कर बी ग्रेड प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नैक द्वारा ग्रेडिंग मानदंड में बदलाव किया गया है और विश्वविद्यालय प्रणाली के लिए दो प्रकार की अंक प्रणाली है जिसे विश्वविद्यालय को स्कोर करना होता है। विश्वविद्यालय को डेटा और सत्यापन (सेल्फ स्टडी रिपोर्ट) से अंक सुरक्षित करने होते हैं। जिसके लिए अधिकतम अंक 75 होते हैं जबकि फील्ड विजिट के लिए विश्वविद्यालय को 25 के मूल्य से अंक प्राप्त करने होते हैं। प्रोफेसर राय ने बताया कि विश्वविद्यालय को क्लोजर मिल गया था।

THE PIONEER PAGE 3

NAAC assessment 2.5 years ago: VC

PNS ■ LUCKNOW

Lucknow University Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai said they had started preparation for the NAAC assessment around 2.5 years ago and have now begun the development in phases at the inception of year 2020.

The Lucknow University vice-chancellor met mediapersons at his chamber on Friday. The meet was mainly based on the NAAC accreditation of LU. Rai gave mediapersons a brief outlook about NAAC and its grading system. He pointed out that when the last accreditation was held in 2014, LU had secured B-grade with 2.76 points. The grading criteria has now been changed by NAAC and there are two types of points system which the university has to score.

"The university has to secure points from the data and validation (self-study report) for which the maximum points are 75 while for the field visit, it has to score points from a value of 25," Rai said.

He further informed the mediapersons that the university had received the closure report from the NAAC by the end of April, which indicated good agreement between the self-study report and the closure report.

The NAAC experts will visit the university on July 11, 12 and 13. He said that during the centennial year, the university had tried to uplift the infrastructure and furnishing, and the important outcomes of such initiatives were organised admission cell, student lounge, DSW offices, community toilets etc. Rai said that apart from physical infrastructure, the university is trying to uplift the intellectual infrastructure.

LU to host 95th session of Indian Philosophy Congress in November

Lucknow (PNS): Lucknow University will be hosting the 95th session of the prestigious Indian Philosophy Congress in November. Founded by Ravindranath Tagore with Dr Sarvapalli Radhakrishnan as its first president, the Indian Philosophy Congress has an illustrious history. Joint secretary Prof Dilip Mohanta, former VC of Kalyani University and general secretary of University of Madras Prof Pennirselvam met Lucknow University Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai to decide dates and details.

The event will have more than 12 endowment lectures on a variety of themes of philosophy and religion, two special lectures on applied ethics and several sectional presentations on themes of logic metaphysics and epistemology. "The LU VC has extended the offer to provide renovated auditoriums, seminar halls, guest houses and other logistical support to the Indian Council of Philosophical Research which will be a major sponsor. The UP governor has been requested to inaugurate the event," LU spokesperson Durgesh Srivastava said.

JAGRAN CITY PAGE III

नैक टीम 11 को लवि में, अच्छे ग्रेड की उम्मीद

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी

जासं, लखनऊ : करीब आठ साल बाद लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) में नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) होने जा रहा है। इसके लिए 11,12 और 13 जुलाई को नैक की टीम विश्वविद्यालय में निरीक्षण करने आ रही है। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने उम्मीद जताई है कि विश्वविद्यालय इस बार नैक में बेहतर करेगा। लवि को पहले बी प्लस मिला था।

कुलपति ने बताया कि वर्ष 2014 में लवि का नैक हुआ था, जिसमें 2.76 स्कोर था। इस बार नैक के मूल्यांकन का तरीका बदल गया है। लवि नैक की टीमों निरीक्षण करके करती है। विश्वविद्यालय में बहुत काम हुआ है। प्लेसमेंट से लेकर शोध में काम हुआ है। टीम के आगमन को लेकर अब

व्यापार प्रशासन विभाग में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की ● सौजन्य : लवि

परिसर में साफ-सफाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि लवि से 542 कालेज संबद्ध हैं। इन कालेजों को भी नैक कराने के लिए जोर दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय में परास्नातक कक्षा के छात्र- छात्राओं से अधिक फीस लिए जाने पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कुलपति ने बताया कि किसी से अधिक फीस नहीं ली जा रही है। पिछले साल स्नातक के विद्यार्थियों की फीस कम की गई थी, लेकिन इसके साथ परास्नातक के विद्यार्थियों की भी 500 रुपये फीस कम हो गई थी। इस बार उसी फीस का समायोजन किया जा रहा है। कोई भी फीस अतिरिक्त नहीं है।

25 जून तक विभाग तैयार करें अपना प्रजेंटेशन : लखनऊ विश्वविद्यालय में नैक मूल्यांकन के लिए टीम के दौरे की तिथि तय होने के बाद अब तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को व्यापार प्रशासन विभाग के सभागार में सभी विभागाध्यक्षों की बैठक बुलाई गई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय मौजूदगी में व्यापार प्रशासन विभाग के हेड संजय मेधावी ने अपना प्रजेंटेशन दिया। सभी को 25 जून तक अपना प्रजेंटेशन तैयार करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि नैक की एसएसआर (सेल्फ असेस्मेंट रिपोर्ट) में जो भी जानकारी दी गई हैं। उन सभी की हार्डकापी तैयार कर लें, ताकि टीम के मांगने पर तुरंत दिखाया जा सके। रिसर्च पेपर से लेकर जो भी एक्टिविटी हो, सभी चीजें उसमें शामिल हों। विभाग अपनी उपलब्धियां भी प्रदर्शित करें। बैठक में कुछ विभाग ने कार्य कराने के लिए बजट से जुड़ी दिक्कत भी बताई, जिसका कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने समाधान किया। सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि मेधावी छात्रों की सूची नोटिस बोर्ड पर डिस्प्ले करें। बैठक में कुछ विभाग ने कार्य कराने के लिए बजट से जुड़ी दिक्कत भी बताई, जिसका कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने समाधान किया। सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि मेधावी छात्रों की सूची नोटिस बोर्ड पर डिस्प्ले करें।

अब 30 तक होंगे स्नातक कोर्सों में आवेदन

जासं, लखनऊ : अभी तक 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी नहीं हुए हैं। ऐसे में लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को एक और मौका दे दिया है। अब 30 जून तक आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को कुलपति प्रो. आलोक राय ने तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया।

लवि ने दो अप्रैल को नए सत्र के स्नातक प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। पहले 31 मई तक समय निर्धारित किया गया, लेकिन बाद में 20 जून तक तिथि बढ़ा दी गई ताकि अधिक से अधिक अभ्यर्थी आवेदन कर सकें। अब परीक्षाएं खत्म हो गईं, लेकिन वृपी बोर्ड से लेकर किसी भी बोर्ड ने 12वीं के परिणाम अब तक नहीं जारी किए हैं, इसलिए फिर से स्नातक में आवेदन की तिथि बढ़ाकर 30 जून तक कर दी है। प्रवेश परीक्षा जुलाई में होगी। 30 जून के बाद इसका कार्यक्रम तय होगा। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन पेज पर यूजी एडमिशन पर जाकर प्रवेश संबंधी सूचनाएं ले सकते हैं।

हेल्पलाइन नंबर पर कर सकते हैं संपर्क : आनलाइन आवेदन के समय यदि किसी तरह की समस्या आ रही है तो अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए आए 47 आवेदन

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से शोध मेधा छात्रवृत्ति योजना के दूसरे चरण की आवेदन प्रक्रिया समाप्त हो गई है। इस बार 47 महिला शोधार्थियों ने आवेदन किया है। जल्द ही चयन कमेटी का गठन होगा। फिर साक्षात्कार के माध्यम से शोध छात्राओं का चयन किया जाएगा, जिन्हें तीन साल तक पांच हजार रुपये प्रति माह वित्तीय सहायता मिलेगी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून थी।

वीएससी भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 25 को

लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में पढ़ने वाले वीएससी तृतीय वर्ष भौतिक विज्ञान के एप्लीकेटेड व बैक पेपर वाले विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा 25 जून को होगी। कोऑर्डिनेटर डा. आरबी सिंह मून ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है। छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए सुबह आठ बजे लवि के भौतिक विज्ञान विभाग की प्रयोगशाला में पहुंचना होगा। बिना पहचान पत्र के अंदर नहीं जाने दिया जाएगा।

कालेजों को भी जुड़ने का मिला मौका: केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अब कालेजों को भी 30 जून तक मौका दे दिया गया है। अभी तक 15 जून तक समय सीमा निर्धारित थी। अब तक करीब 70 कालेजों ने इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए सहभागिता शुल्क जमा किया है। इन कालेजों में प्रवेश परीक्षा व काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश के लिए छात्र आवंटित किए जाएंगे।

एलयू में अब 30 तक आवेदन

इंटर के परिणाम जारी न होने की वजह से विश्वविद्यालय ने लिया फैसला

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (17 June): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सभी बोर्ड के 12वीं के रिजल्ट आने में देरी को देखते हुए यूजी कोर्सेज में आवेदन करने की डेट को आगे बढ़ा दिया है. अब कैंडीडेट्स 30 जून तक एलयू की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. एलयू यूजी कोर्सेज में आवेदन की प्रक्रिया को दो बार आगे बढ़ा चुका है. छात्रहित में शुक्रवार को वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया.

ऑनलाइन हो रहे आवेदन

एलयू ने दो अप्रैल को नए सेशन के यूजी एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी थी. पहले 31 मई तक समय निर्धारित किया गया, लेकिन उस समय तक सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही थीं. ऐसे में, 20 जून तक डेट बढ़ा दी गई, ताकि अधिक से अधिक कैंडीडेट्स

आवेदन कर सकें. अब एग्जाम खत्म हो गए हैं, पर ज्यादातर बोर्ड एग्जाम के रिजल्ट कब आएंगे यह तय नहीं है. केवल यूपी बोर्ड शनिवार को अपना रिजल्ट जारी कर रहा है, जिसको देखते हुए यूजी में आवेदन की तिथि बढ़ाकर 30 जून तक कर दी है.

हेल्पलाइन पर करें संपर्क

एडमिशन कोऑर्डिनेटर प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि यूजी, पीजी के साथ-साथ डिप्लोमा कोर्सेज में भी आवेदन के लिए 30 जून तक का मौका है. कोई समस्या होने पर कैंडीडेट्स 0522-4150500 हेल्पलाइन नंबर पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक संपर्क कर सकते है.

इन बातों का रखें ध्यान

- एडमिशन ब्रॉशर में लिखे सभी निर्देशों को अच्छे से पढ़ लें.
- फोटो की स्कैन कॉपी 50 केबी के अंदर होनी चाहिए.
- साइन की स्कैन कॉपी 50 केबी के अंदर हो.
- आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कॉपी 50 केबी के अंतर्गत हो.
- प्रवेश फार्म की फीस ऑनलाइन भरने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें.

कॉलेज 30 जून तक जुड़ सकते हैं प्रक्रिया से

वहीं दूसरी ओर, यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कॉलेजों को अपने सेंट्रलाइज्ड एडमिशन प्रक्रिया से जुड़ने के लिए एक और मौका दिया है. कॉलेज इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अब 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं. अभी तक 15 जून तक समय सीमा निर्धारित थी, जिसमें अब तक करीब 70 कालेजों ने इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए सहभागिता शुल्क जमा किया है.

TRUE TIMES PAGE 2

लखनऊ विश्वविद्यालय में बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस हेतु हस्ताक्षर अभियान का हुआ आयोजन

ट्रू टाइम्स संवाददाता

विश्व बुजुर्ग द